पत्र सूचना कार्यालय
भारत सरकार
गृह मंत्रालय

**केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में पीएम-जेएवाई सेहत (PM-JAY SEHAT) स्वास्थ्य योजना की शुरुआत को जम्मू कश्मीर के लिये एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन बताया**

**आज जम्मू कश्मीर के लिए बड़ा महत्वपूर्ण और शुभ दिन है- जब एक ऐसी क्रांतिकारी शुरुआत होने जा रही है जिसमें जम्मू कश्मीर के हर नागरिक के स्वास्थ्य की चिंता की जायेगी**

**मैं इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और जम्मू-कश्मीर के उपराजयपाल श्री मनोज सिन्हा जी को हार्दिक बधाई देता हूँ**

**यह महत्वपूर्ण शुरुआत आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर के स्वास्थ्य क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगी, लगभग 15 लाख परिवारों को 5 लाख तक की सभी स्वास्थ्य सुविधाएँ निशुल्क मिलने जा रही हैं**

**प्रधानमंत्री जी का जम्मू कश्मीर के लिए जो लगाव है यह उन्ही प्रयासों का नतीजा है कि कल से हर कश्मीरी इस योजना का लाभ उठा सकेगा**

**इस योजना से जम्मू-कश्मीर के स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन्फ्राट्रक्चर को और बढ़ावा मिलेगा और नए प्राइवेट तथा अच्छे अच्छे अस्पताल आएंगे जो जम्मू-कश्मीर के नागरिकों की सेवा करेंगे**

**वह दिन दूर नहीं है जब जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को बड़ी से बड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जम्मू-कश्मीर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा**

**प्रधानमंत्री जम्मू कश्मीर के लिए तीन बातों पर विशेष बल देते हैं, एक विकास, दूसरा लोकतंत्र को ग्रास रूट लेवल तक पहुंचाना और तीसरा सुरक्षा तथा शांति के माध्यम से विकास**

**इन तीनों क्षेत्रों में 5 अगस्त के बाद से जम्मू कश्मीर प्रशासन ने चमत्कारिक गति से काम किया**

**आज लगभग लगभग सारी योजनाएँ सैचुरेशन के कगार पर खड़ी हैं, इससे जम्मू कश्मीर की आवाम को बहुत फायदा मिला है**

नई दिल्ली, 26.12.2020

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने जम्मू कश्मीर में पीएम-जेएवाई सेहत (PM-JAY SEHAT) स्वास्थ्य योजना की शुरुआत को जम्मू कश्मीर के लिये एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन बताया है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सेहत स्वास्थ्य योजना की शुरुआत में भाग लेते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि आज जम्मू कश्मीर के लिए बड़ा ही महत्वपूर्ण और शुभ दिन है जब एक ऐसी क्रांतिकारी शुरुआत होने जा रही है जिसमें जम्मू कश्मीर के हर नागरिक के स्वास्थ्य की चिंता की जायेगी। उन्होने कहा कि कल श्रद्धेय अटल जी की जन्म जयंती थी जिसको भारत सरकार एक सुशासन सप्ताह के रूप में मना रही है। अटल जी का जम्मू कश्मीर से विशेष प्रेम था। सुशासन सप्ताह में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कर-कमलों से सेहत स्कीम का आज लोकार्पण हो रहा है। मैं इसके लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और जम्मू-कश्मीर के उपराजयपाल श्री मनोज सिन्हा जी को हार्दिक बधाई देता हूँ।



केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण शुरुआत आने वाले दिनों में जम्मू कश्मीर के स्वास्थ्य क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन लाएगी। लगभग 15 लाख परिवारों को 5 लाख तक की सभी स्वास्थ्य सुविधाएँ निशुल्क मिलने जा रही हैं। श्री शाह ने कहा कि देश भर में यह स्कीम प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के नाम से लागू है लेकिन उसका लाभ सिर्फ गरीबों के लिए है। 60 करोड़ गरीबों के लिए यह योजना लगभग 2 साल से स्वास्थ्य क्षेत्र में चमत्कारिक काम कर रही है और अब तक 1.5 करोड़ लोगों ने अस्पताल में दाखिल होकर छोटे मोटे ऑपरेशन से लेकर बड़े ऑपरेशन कराएं हैं। उनके स्वस्थ होकर वापिस घर तक जाने की सभी सुविधाएँ प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना के तहत दी गई हैं।




श्री अमित शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के साथ साथ सेहत को जोड़कर हर कश्मीरी भाई बहनों और जम्मू कश्मीर के सारे नागरिकों के लिए यह योजना आज शुरू होने जा रही है। शायद जम्मू कश्मीर ऐसा पहला केंद्र शासित प्रदेश है जहाँ पर ये योजना हर नागरिक को मिलने जा रही है। प्रधानमंत्री जी का जम्मू कश्मीर के लिए जो लगाव है और उप-राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा जी ने जिस प्रकार से प्रयास किया है यह उन्ही प्रयासों का नतीजा है कि कल से हर कश्मीरी इस योजना का लाभ उठा सकेगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर के करीब 229 सरकारी और 35 प्राइवेट अस्पताल इस योजना के लिए सूचीबद्ध किये गए हैं। इन अस्पतालों में जो भी नागरिक जायेगा, जम्मू और कश्मीर दोनो का उसके फ्री ऑफ़ कॉस्ट इलाज़ का 5 लाख तक का सारा खर्च भारत सरकार उठाएगी, जम्मू कश्मीर प्रशासन उठाएगा। श्री अमित शाह ने यह भी कहा कि इस योजना से जम्मू-कश्मीर में स्वास्थ्य के क्षेत्र में इन्फ्राट्रक्चर को और बढ़ावा मिलेगा और नए प्राइवेट तथा अच्छे अच्छे अस्पताल आएंगे जो जम्मू-कश्मीर के नागरिकों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब जम्मू-कश्मीर के नागरिकों को बड़ी से बड़ी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जम्मू-कश्मीर से बाहर नहीं जाना पड़ेगा।




कोविड प्रबंधन के लिए उपराजयपाल श्री मनोज सिन्हा का अभिनंदन करते हुए श्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू कश्मीर जैसे दुर्गम भौगोलिक क्षेत्र वाले इलाके में भी कोविड को लेकर जो मैनेजमेंट किया है उस मैनेजमेंट से ही जम्मू कश्मीर बचा हुआ है। टूरिज्म के क्षेत्र में जो एक अच्छा रिस्पांस देखने को मिल रहा है उसका कारण है कि कोविड से जम्मू कश्मीर को बचा लिया गया है।




केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर के भाई बहनों से कहना चाहता हूं कि जब भी प्रधानमंत्री जी मीटिंग करते हैं वह जम्मू कश्मीर के लिए तीन बातों पर विशेष बल

देते हैं। एक तो विकास, विकास छोटे से छोटे व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, हमें सब के जीवन स्तर को उठाने का प्रयास करना चाहिए। दूसरा लोकतंत्र को ग्रास रूट लेवल तक पहुंचाना, जब जम्हूरियत डेमोक्रेसी ग्रास रूट लेवल तक पहुंचती है तभी लोकतंत्र सफल होता है और तीसरा सुरक्षा तथा शांति के माध्यम से ही विकास प्राप्त किया जा सकता है इसलिए जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और शांति भी बनी रहनी चाहिए। श्री शाह ने कहा कि इन तीनों क्षेत्रों में 5 अगस्त के बाद बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। चाहे विकास के मामले में व्यक्तिगत योजनाएं हो, इंफ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट हो, चाहे भारत सरकार द्वारा भेजी हुई योजनाओं के अमल में लाने की शुरुआत हो, इन तीनों क्षेत्रों में 5 अगस्त के बाद से जम्मू कश्मीर प्रशासन ने चमत्कारिक गति से काम किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि व्यक्तिगत योजनाओं के तहत लगभग हर विधवा को सहायता मिलना, प्रत्येक व्यक्ति को वृद्धावस्था पेंशन मिलना, हर विद्यार्थी तक स्कॉलरशिप पहुंचाना समेत व्यक्तिगत योजनाओं के फायदे और भारत सरकार की सभी स्कीमों को जम्मू कश्मीर में पहुंचाने का काम बहुत ही कुशलता और तेज गति से हुआ है। उन्होने कहा कि आज लगभग लगभग सारी योजनाएँ सैचुरेशन के कगार पर खड़ी हैं, इससे जम्मू कश्मीर की आवाम को बहुत फायदा मिला है।

******

एनडब्लू/आरके/पीके/एडी/डीडीडी